दिनांकः 15.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्र सरकार ने इस साल हज यात्रा पर जाने वालों का कोटा बढ़ाकर एक लाख 75 हजार कर दिया है। वर्ष 2014 में यह संख्या एक लाख 36 हजार थी। सोशल मीडिया पोस्ट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने बताया कि हज समिति के माध्यम से मुख्य कोटा के तहत एक लाख बाइस हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों की यात्रा का प्रबंध किया जा रहा है। वहीं कोटे में आने वाले शेष हज यात्रियों का जिम्मा निजी टूर ऑपरेटरों को दिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सउदी अरब के दिशा–निर्देशों के अनुरूप हज से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

000

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज भीलवाडा दौरे पर रहेंगे। वे हमीरगढ़ ग्रोथ सेंटर में टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण करेंगे। श्री सिंह जिले के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारीयों से संवाद भी करेंगे। इसके बाद उनका एक निजी टेक्सटाइल कम्पनी के यार्न उत्पादन औद्योगिक इकाई के अवलोकन का कार्यक्रम है।

000

राजस्थान पुलिस के 76वें स्थापना दिवस के सिलसिले में आज से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पहले दिन आज जयपुर सहित विभिन्न जिलों में रक्तदान शिविर लगाए गए हैं। शाम को जिला पुलिस लाईन, आरएसी बटालियन मुख्यालय और प्रशिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा खेलकूद, वाद–विवाद, कविता वाचन और नृत्य प्रतियोगिता भी रखी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल जयपुर स्थित आरपीए में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य वाले 40 पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक आयोजन और पुलिस बैंड की प्रस्तुतियां भी होंगी।

000

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास सहित 15 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर रहा है। यह छापेमारी मैसर्स पीएसीएल से जुड़े 48 हजार करोड़ रुपये के बड़े निवेशक घोटाले की जांच का हिस्सा है।

000

कोटा में राजमार्ग संख्या 70 पर आज सुबह सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये सभी एक ही परिवार के थे। इनमें आठ महीने का बच्चा भी शामिल है। ये दुर्घटना एक तेज रफ्तार कार के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से हुई। हादसे में कार सवार एक महिला को भी चोट आई है, जिसे उपचार के लिए कोटा एमबीएस अस्पताल के लिए रैफर किया गया है।

000

प्रदेश में शिक्षा का अधिकार–आरटीई के तहत ऑनलाइन रिपोर्टिंग का आज आखिरी दिन है। इसके लिए अभिभावक स्कूलों में ऑनलाइन रिपोर्टिंग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों का 21 अप्रैल तक दस्तावेज़ का सत्यापन किया जाएगा।

000

प्रदेश में अगले 2–3 दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज होने और कई भागों में हीटवेव की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 45 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं 14 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

000

धौलपुर जिला आज अपना 44वां स्थापना दिवस मना रहा है। वर्ष 1982 में आज ही के दिन धौलपुर राज्य का 27वां जिला घोषित किया गया था। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज कई कार्यक्रम हो रहे हैं। सुबह रैली निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शहर की प्रमुख इमारतों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। उधर, बीकानेर जिला 25 अप्रेल को अपना स्थापना दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में कल से कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का **मन की बात** कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर **1800–11–7800** के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं **नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम** के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। चंडीगढ़ में खेले जाने वाला ये मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

000